>

Title:Need to accord approval to the proposal of Government of Chhattisgarh for construction of bye-passes at district headquarters of Janjgir Champa and Sakti Tehsil Headquarters in Chhattisgarh.

श्रीमती कमला देवी पाटले (जांजगीर-चाम्पा): मेरे संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा जिला मुख्यालय एवं सक्ती तहसील मुख्यालय में जनसंख्या का अत्यधिक दबाव, आसपास पॉवर प्लांट लगने से बढ़ गया है। इन दोनों शहरों के भीतर से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 200 अब 49 गुजरती है। शहर के अधिकांश शैक्षणिक संस्थाएं इसी राजमार्ग के किनारे अवस्थित हैं।

अत्यधिक जनसंख्या दबाव एवं औद्योगिक क्षेत्रों की बड़ी-बड़ी गाड़ियां इसी मार्ग से गुजरती हैं, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। जिला प्रशासन को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। अतः इन दोनों शहरों के लिए बाईपास मार्ग का होना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित इन दोनों शहरों के बाईपास मार्ग के प्राक्कलन (जिसमें चांपा बाईपास 22.0 कि0मी0 एवं सक्ती बाईपास 12.0 कि0मी0) स्वीकृति हेतु संबंधित मंत्रालय में लंबित है।

केन्द्र शासन से मेरी मांग है कि उक्त दोनों शहरों में बाईपास के निर्माण हेतु प्राक्कलन को स्वीकृती दें एवं इस हेतु राशि निर्गत करें।